राधे हो जा तैयार होली खेले लठमार

कंचन पिचकारी लाई , सावरिया सरकार
होली खेलन को गए , राधा जी के द्वार

धूम मचाने रंग बरसाने , आये तेरे द्वार
है फागण का मस्त महीना , रंगों की बौछार
राधे हो जा तैयार , राधे हो जा तैयार
सावरिया संग खेला होली खेला लठ मार

लेके हाथ कनक पिचकारी , द्वार खड़े नंदलाल
मस्ती में हुड़दंग मचावे , संग में आये ग्वाल
छाई फागण बहार………..
सावरिया संग खेला होली खेला लठ मार

बाज़ रही है बंसी प्यारी , बजे मंजीरा ढोल
नाच रहे है सभी आज मस्त हो , अपना द्वारा खोल
हो रहे कान्हा पुकार………
सावरिया संग खेला होली खेला लठ मार

रंग अबीर गुलाल उड़ावे , गावे सभी धमाल
धरती हो गई रंग रंगीली , अम्बर लालम लाल
हो मची है मारा मार ……….
सावरिया संग खेला होली खेला लठ मार

तन भीगे मन भीगे हरीश , सुध बुध है बिसराई
आजा तेरी बाट देख रहे , राधे कृष्ण कन्हाई
भूलन नंद के कुमार………..
सावरिया संग खेला होली खेला लठ मार

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/15143/title/radha-ho-jaa-tyaar-holi-khele-lathmaar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |